प्रेस नोट दिनाँक- 01.12.2023

(1). आज दिनाँक 01.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

(2). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 01.12.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो मे भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

(3). आज दिनांक 01.12.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा गुरु कृपा पब्लिक स्कूल कर्वी के पास EX. Paramilitary Forces Canteen का फीता काटकर उद्घाटन किया गया । इस कैनटीन में सैनिक, अर्धसैनिक बल, प्रादेशिक पुलिस, पीएसी, रेलवे पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी कैडेट्स (सेवानिवृत या सेवारत)

को लाभ प्राप्त होगा। इस सब्सीडियरी कैंटीन में खरीदारी हेतु उपरोक्त परिधि में आने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को अपना पहचान-पत्र दिखाकर इसका लाभ दिया गया। सर्वप्रथम महोदया द्वारा कैंटीन का भ्रमण कर खरीदारी की गयी।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री आनन्द त्रिपाठी, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(4). पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अभियुक्त 1. पुष्पराज पुत्र राजेश 2. सनी पुत्र नरेन्द्र सिंह 3. मुन्ना सिंह पुत्र कोलहा निवासीगण गढ़चपा 4. मुन्सी उर्फ राजेन्द्र पुत्र प्रेम पटेल निवासी रामपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(5). आज दिनांक 01.12.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा थाना कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण किया गया। महोदया द्वारा थाना परिसर में भ्रमण कर निर्माणाधीन आवास, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी को साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया। महोदया द्वारा निर्माणाधीन आवास की कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र सम्पन्न कराने हेतु कहा गया तथा आवासीय परिसर की एवं कोतवाली परिसर की सड़को की मरम्मत करवाने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अजीत कुमार पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।